ठाकरे 2 की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो गया है: नवाजुद्दीन सिद्दीकी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलिवुड के बेहतरीन अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शिव सेना प्रमुख बाला साहब की बायॉपिक ठाकरे में उनकी भूमिका निभाई थी। अब फिल्म के पार्ट 2 यानी ठाकरे 2 पर काम शुरू हो गया है। नवभारतटाइम्स डॉट कॉम से हुई बातचीत में नवाज ने बताया कि ठाकरे 2 की स्क्रिप्टिंग का काम शुरू हो गया है, जैसे ही लिखाई का काम पूरा हो जाएगा, वह शूटिंग से पहले की जाने वाली वर्कशॉप शुरू कर देंगे।

बॉलिवुड के बेहतरीन अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शिव सेना प्रमुख बाला साहब की बायॉपिक ठाकरे में उनकी भूमिका निभाई थी। अब फिल्म के पार्ट 2 यानी ठाकरे 2 पर काम शुरू हो गया है। नवाज ने बताया कि ठाकरे 2 की स्क्रिप्टिंग का काम शुरू हो गया है, जैसे ही लिखाई का काम पूरा हो जाएगा, वह शूटिंग से पहले की जाने वाली वर्कशॉप शुरू कर देंगे।

नवाजुद्दीन बताते हैं, इस समय फिल्म ठाकरे 2 की स्क्रिप पर काम चल रहा है, जाहिर है फिल्म का पार्ट 2 भी मैं करूंगा। जैसे ही स्क्रिप्ट के लिखाई का काम पूरा हो जाएगा और संजय राउत जी मुझे इन्फॉर्म करेंगे मैं उस फिल्म पर भी काम करूंगा। फिल्म में बालासाहब ठाकरे का जो किरदार मैं निभाऊंगा वह बहुत ही इंट्रेस्टिंग हैं, पहला भाग कर चुका हूं। बहुत मेहनत की थी मैंने फिल्म के पहले भाग में और मजा भी बहुत आया था।

नवाज कहते हैं, मुझे नए निर्देशकों के साथ काम करने में ज्यादा मजा आता है, यह मेरा शौक भी है, क्योंकि नए लोग नई चीजें, नए सोच के साथ आते हैं। नए निर्देशकों के विचार बहुत ही ग्लोबल होते हैं।

मैं निर्देशन के बारे में कुछ नहीं जानता तो अब तक कभी नहीं सोचा कि मैं निर्देशन करूं। मुझे तो कैमरा के बारे में भी कुछ नहीं पता, सिर्फ ऐक्टिंग और उससे जुड़ी बातें करना ही मुझको आता है। अगर मैं दिनभर शूटिंग नहीं करता हूं तो दोस्तों के साथ ऐक्टिंग से जुड़ी बातचीत करता हूं। 20-25 साल से मेरी जिंदगी ऐसी ही चल रही है।

नवाजुद्दीन इस समय अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म मोतीचूर चकनाचूर के प्रमोशन में बिजी हैं। फिल्म में उनके साथ आथिया शेट्टी अहम भूमिका में हैं।

यह फिल्म 15 नवंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो रही है। इस फिल्म का निर्देशन देबामित्रा बिस्वाल ने किया है। इस फिल्म के बाद नवाज की फिल्म रोम रोम में भी रिलीज़ के लिए तैयार है, हालांकि अब तक फिल्म के रिलीज़ डेट फाइनल नहीं हुई है।

खूबसूरत अंदाज़ में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं नितिभा कौल

रिएलिटी शो बिग बॉस कब किसे सेलिब्रिटी बना देता है, पता ही नहीं चलता है. बिग बॉस 1० में हिस्सा ले चुकीं दिल्ली की रहने वाली नितिभा कौल अब एक सेलिब्रिटी के तौर अपनी लाइफ एंजॉय कर रही हैं और इंस्टाग्राम पर उनके लाखों चाहने वाले हैं. बिग बॉस-1० की अंग्रेजी गर्ल और शो के विनर मनवीर गुर्जर की बेस्टफ्रेंड नितिभा कौल इन दिनों अपनी तस्वीरों की वजह से सुर्खियों में हैं अपनी हालिया तस्वीरों में नितिभा दोस्तों के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों में वह हॉट बिकिनी अवतार में भी नजर आ रही हैं. नितिभा इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं. वह फिलहाल एक मॉडल बन गई हैं और 'माइन एन यूर वेडिंग शो' नाम के फेमस ब्रैंड के साथ अपना पहला काम भी शुरू कर चुकी हैं. अपने प्रोजेक्ट के तौर पर नितिभा ने कई फोटोशूट कराया जिनमें वह काफी खूबसूरत नजर आईं. इसके अलावा नितिभा दिल्ली के कई सारे इवेंट को जज भी कर चुकी हैं. नितिभा कई कॉन्सर्ट्स में सोलो परफॉर्मेंस भी देती नजर आईं. बिग बॉस की ये कंटेस्टेंट अपने मॉडलिंग बैकग्राउंड से होने के कारण सुर्खियों में आईं. अब देखना होगा कि नितिभा आगे क्या कमाल कर पाती हैं?

बच्चन पांडे में एक बार फिर साथ दिखेंगे अक्षय कुमार और कृति सैनन

अक्षय कुमार और प्रड्यूसर साजिद नाडियाडवाला 1०वीं बार एक साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम बच्चन पांडे है और इसका डायरेक्शन फरहद सामजी करेंगे। अभी फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है लेकिन जबसे इसकी घोषणा हुई है तभी से यह चर्चा है कि इसमें अक्षय के ऑपोजिट कौन हिरोइन होगी।

अब कुछ मीडिया सोर्सेज के हवाले से खबर आ रही है कि इस फिल्म में अक्षय के साथ एक बार फिर कृति सैनन दिखाई दे सकती हैं। कृति हाल में अक्षय के साथ हाउसफुल 4 में भी दिखाई दी थीं। हाउसफुल 4 को भी साजिद ने प्रड्यूस किया है और डायरेक्शन भी फरहद सामजी ने किया है। बच्चन पांडे की शूटिंग फरवरी 2०2० में शुरू होगी।

फिल्म के लिए काफी उत्साहित कृति ने कहा, अक्षय, साजिद और फरहद के साथ मुझे हाउसफुल 4 में काम करने में काफी मजा आया था और एक बार फिर मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। साजिद सर के साथ यह मेरी तीसरी फिल्म है और यह भी काफी दिलचस्प है। कृति ने यह भी कहा अभी उन्हें फिल्म में अपने किरदार के बारे में कुछ खास जानकारी नहीं है।

बता दें कि साजिद नाडियाडवाला ने ही कृति को टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म हीरोपंती में लॉन्च किया था। बताया जा रहा है कि बच्चन पांडे अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। यह एक कमर्शल ऐक्शन फिल्म होगी और फिल्म की टीम ने अभी से इसके स्टंट सीन डिजाइन करने शुरू कर दिए हैं।